# वैश्विक पवन दिवस 2024

[स्रोत: पी.आई.बी.]

15 जून, 2024 को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने "**पवन-ऊर्जा: भारत के भविष्य को सशक्त बनाना**" के केंद्रीय विषय के साथ '**वैश्विक पवन दिवस**' (**Global Wind Day 2024)** का आयोजन किया।

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय **पवन ऊर्जा क्षेत्र** की सफलता का जश्न मनाना तथा भारत में पवन ऊर्जा को अपनाने में तीव्रता लाने के तरीकों पर चर्चा करना था।
- मई 2024 तक **भारत** की संचयी स्थापित **पवन ऊर्जा क्षमता 46.4 गीगावॉट (चीन, अमेरिका तथा जर्मनी के बाद दुनिया में चौथी सबसे बड़ी)** है।
- **वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से अपनी विद्युत ऊर्जा की स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत** और **वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य** प्राप्त करने के भारत के प्रयासों के लिये **पवन ऊर्जा महत्त्वपूर्ण घटक** है।
- **गुजरात, कर्नाटक तथा तमिलनाडु** भारत में पवन ऊर्जा उत्पादक अग्रणी राज्य हैं।




//

**और पढ़ें:** भारत की पवन ऊर्जा क्षमता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-wind-day-2024